हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

11 मंडियों से 31.29 प्रतिशत गेहूं का हुआ उठान



12 बाबा साहेब की जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**खबर संक्षेप**

### जेसीबी की टक्कर से तीन बाइक सवार घायल

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सिलाना के नजदीक जेसीबी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार एक युवक को गंभीर चोट आई वहीं दो अन्य भी घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में बदांयू जिला निवासी राजवंती ने बताया कि वह बीड़ छुछकवास में किराए पर रहती है। बीती तेरह अप्रैल को उसका पुत्र महेश अपने साथ चंद्रकेश व मुनेश के साथ किसी कार्य से रेवाड़ी जा रहा था। जब वे सिलाना गांव के नजदीक पहुंचे तो वहां सीएनजी पंप के साथ रोड़ पर काम कर रहे जेसीबी चालक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस टक्कर में जहां मुनेश व चंद्रकेश को हल्की चोटें आई वहीं उसका पुत्र महेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रोहतक के पीजीआई रैफर कर दिया। यहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** बादली बाईपास के निकट बुपनिया मोड़ पर दर्दनाक हादसा हो गया। यहां वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब 26 वर्षीय सचिन के रूप में हुई है। सचिन गांव बुपनिया का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, बीती रात को वह बाइक पर सवार होकर झज्जर से अपने गांव लौट रहा था। जब बुपनिया मोड़ के निकट पहुंचा तो किसी वाहन ने उसको टक्कर मार दी। उसे गंभीर चोट आई और सांस थम गई। किसी राहगीर की नजर पड़ी तो उसे अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के बयान लिए। परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक को हादसे का जिम्मेदार ठहराया है। आरोपी चालक कौन है, यह फिलहाल पता नहीं चल का है। बादली पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है।

### मिनटों में बाइक पर हाथ साफ, केस

बहादुरगढ़। इलाके में दोपहिया वाहनों की चोरी लगातार बढ़ रही हैं। पल भर में चोर बाइक पर हाथ साफ कर देते हैं। अब यहां बहादुरगढ़ में गुभाना के एक युवक के साथ वारदात हुई है। पुलिस को दी शिकायत में राहुल ने कहा है कि वह दिल्ली से अपने गांव लौट रहा था। बहादुरगढ़ के किला मोहल्ला में पहुंचा तो यहां बाइक खराब हो गई। इसलिए बाइक वहीं पर खड़ी करके मिस्त्री को लेने चला गया। कुछ देर बाद वापस आया तो बाइक नहीं मिली।

# नागरिक अस्पताल में कितनी एंबुलेंस किस हालत में, अधिकारी को पता नहीं

■ आरटीआई के जवाब से यह सामने आया ■ अब आरटीआई एक्टिविस्ट प्रथम अपीलीय अधिकारी का दरवाजा खटखटाएंगे

■ सतपाल हाड़ा ने झज्जर, बहादुरगढ़ नागरिक अस्पताल से संबंधित आठ बिंदुओं पर आरटीआई के तहत जानकारी मांगी थी

■ नागरिक अस्पताल में कितनी सरकारी एंबुलेंस हैं, इनमें से कितनी ठीक हैं और कितनी खराब हैं तथा कितनी ठीक होने लायक नहीं हैं, ये जवाब भी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नागरिक अस्पताल में कितनी सरकारी एंबुलेंस हैं। इनमें से कितनी ठीक हैं, कितनी खराब हैं और कितनी ठीक होने लायक नहीं हैं। इसका जवाब अधिकारियों के पास नहीं है। आरटीआई के जवाब से यह सामने आया है। जवाब जानने के लिए अब आरटीआई एक्टिविस्ट प्रथम अपीलीय अधिकारी का दरवाजा खटखटाएंगे।

#### ये जवाब मिला

शहर के निवासी सतपाल हाड़ा ने बताया कि गत 28 फरवरी को उन्होंने झज्जर, बहादुरगढ़ नागरिक अस्पताल से संबंधित आठ बिंदुओं पर आरटीआई के तहत जानकारी मांगी थी। हाल ही में इसका जवाब आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झज्जर नागरिक अस्पताल में एचकेआरएन के तहत 132 व बहादुरगढ़ में 159 कर्मचारी कार्यरत हैं। एक्सरे विभाग में सभी मशीनें सुचारू रूप से कार्य कर रही हैं व पांच रेडियोग्राफर कार्यरत हैं। एक फरवरी से 28 फरवरी तक कुल 227 मरीज रोहतक पीजीआई रेफर किए गए। जबकि बहादुरगढ़ नागरिक अस्पताल से इसी अवधि में 231 मरीज पीजीआई रोहतक रेफर किए गए हैं।




बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस।

#### आरटीआई में इनका नहीं मिला जवाब

हरियाणा कौशल रोजगार निगम में नियुक्त कर्मचारी कितने समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, दोनों अस्पतालों में कितने डॉक्टर्स कब से सेवाएं दे रहे हैं और मरीजों की संख्या के अनुपात में क्या ये डॉक्टर्स पर्याप्त हैं, का जवाब नहीं मिल सका। नागरिक अस्पताल में कितनी सरकारी एंबुलेंस हैं। इनमें से कितनी ठीक हैं और कितनी खराब हैं तथा कितनी ठीक होने लायक नहीं हैं, ये जवाब भी नहीं मिला। इसलिए अब प्रथम अपील की जाएगी। बकौल हाड़ा, नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ में चिकित्सकों और सुविधाओं की दरकार है। इसके अलावा रेफर करने के बजाय यहीं पर जरूरी ट्रीटमेंट हो जाए तो बेहतर हो। क्योंकि रेफर के दौरान रास्ते में ही बहुत से लोग दम तोड़ जाते हैं।



बहादुरगढ़। फैक्ट्री के बाहर खड़ी दमकल गाड़ी।

## दूसरे दिन भी फैक्ट्रियों के भवनों से उठ रहा धुआं

**बहादुरगढ़।** एचएसआईआईडीसी सेक्टर-17 की जूता फैक्ट्रियों में लगी भीषण आग को बुझाने में दमकल कर्मचारियों को कई घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दो भवनों में तो सोमवार दोपहर तक धुआं उठ रहा था। आग लगने की घटना से पांचों भवनों में रखा काफी माल जल गया। दो भवन तो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। पीड़ित उद्यमी और इन फैक्ट्ररियों में काम करने वाले श्रमिक भी परेशान हैं। दरअसल, रविवार की दोपहर बाद प्लॉट नंबर 155, 156, 157, 158 व 159 में आग गई थी। इन पांचों भवनों में जूता, चप्पल तैयार किए जाते हैं। बहादुरगढ़ समेत रोहतक, गुरुग्राम, सांपला व खरखोदा की लगभग 20 दमकल गाड़ियों के सहारे दमकल कर्मचारियों ने कई घंटे मशक्कत की। रातभर बचाव कार्य जारी रहा। देर रात को आग पर नियंत्रण पाया जा सका लेकिन तब तक काफी माल खाक हो चुका था। हालांकि सोमवार की दोपहर को भी भवनों से धुआं निकलता दिखाई दिया। मौके पर दमकल गाड़ी मौजूद थी। आग लगने से सभी भवनों को नुकसान हुआ है लेकिन 158 और 159 नंबर फैक्ट्री तो पूरी तरह से नष्ट हो गई है। आग लगने के कारणों की फिलहाल जांच की जा रही है।

## अवैध हथियार रखने वालों पर पुलिस सख्त, अब तक 40 काबू

**झज्जर।** जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत बीते तीन माह में अवैध हथियारों सहित 40 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



■ पुलिस ने बीते तीन माह में 25 हथियारों सहित 44 कारतूस बरामद किए

#### संदिग्धों पर पैनी नजर

प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन के निर्देशानुसार चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा अलग अलग स्थानों पर असामाजिक, शरारती तत्वों तथा संदिग्ध वाहनों पर विशेष नजर रखते हुए चैकिंग की गई।

इस अभियान के तहत बीते एक जनवरी से 31 मार्च तक जिला के अलग-अलग स्थानों पर तैनात पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा अवैध हथियार 23 देशी पिस्टल, एक रिवाल्वर, 44 जिंदा कारतूस व दो मैगजीन सहित 40 आरोपियों को पकड़ा गया।

**अन्य आरोपी भी काबू :** वहीं सट्टा खाई वाली के मामले में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा 29 आरोपियों को पकड़ा गया। जिनसे 177790 रुपये की बरामदगी हुई। संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है।

## मॉडल टाउन में लाखों की चोरी मामले में नहीं लगा सुराग

**बहादुरगढ़।** इलाके में हुई चोरी की बड़ी वारदात अनसुलझी हैं। मॉडल टाउन में हुई वारदात को सुलझाने में भी पुलिस को अभी तक कामयाबी नहीं मिल पाई सकी है। हालांकि पुलिस की टीमें छानबीन में जुटी हैं। दरअसल, गत 19 मार्च की रात को माडल टाउन की निवासी यशवंती के मकान में वारदात हुई थी। उस दौरान यशवंती देवी अस्पताल में भर्ती थी। जब 20 मार्च को उनका नाती घर पर आया तो सारा सामान अस्त व्यस्त था। दरवाजे आदि उखाड़े गए थे। घर से पांच लाख की नकदी सहित कई लाख के आभूषण गायब थे। इस संबंध में शिकायत दी गई। पुलिस ने केस दर्ज किया। सीसीटीवी फुटेज खंगाली। फुटेज में दो संदिग्ध चोर नजर भी आए लेकिन पुलिस उन तक पहुंच नहीं पाई। इस वारदात को अब महीनाभर होने को है लेकिन मामला अनसुलझा है। परिवार का कहना है कि जल्द से जल्द वारदात सुलझाई जाए। इसी रात को सेक्टर-7 स्थित एक मकान से भी लाखों रुपये के आभूषण चोरी हुए थे। इस वारदात में भी दो युवकों के चेहरे सीसीटीवी फुटेज में नजर आए लेकिन उनका भी कुछ सुराग नहीं लग पाया है। इस तरह की और भी कई वारदात अनसुलझी हैं। दरअसल, बहादुरगढ़ इलाके में हो रही अधिकांश वारदातों में बाहरी लोगों का हाथ सामने आ रहा है। वारदात को अंजाम देकर बदमाश सीमा पार कर जाते हैं। इस वजह से पुलिस को भी वारदात सुलझाने में मुश्किलें होती हैं

## 251 ग्राम चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार, अदालत ने जेल भेजा

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा मादक पदार्थ चरस सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए टू बहादुरगढ़ प्रभारी रविंद्र ने बताया कि पुलिस की एक टीम साल्हावास क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि अरविंद निवासी लडायण जिला झज्जर मादक पदार्थ की तस्करी का अवैध धंधा करता है। वह नशीला पदार्थ बेचने के लिए लडायण से नीलाहेड़ी नहर के नजदीक खड़ा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचते एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से नशीला पदार्थ चरस बरामद हुआ। जिसका वजन करने पर 251 ग्राम पाया गया। उन्होंने बताया कि मामले में आगामी कार्रवाई करते हुए सप्लायर को भी पकड़ा गया। पकड़े गए सप्लायर की पहचान मोहित निवासी मुंडाहेड़ा के तौर पर की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को अदालत जेल भेज दिया।



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।

## अब तेवर दिखाएगी गर्मी

**बहादुरगढ़।** गर्मी से दो दिन राहत मिलने के बाद अब तापमान में पुनः बढ़ोतरी हो रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया। आगामी चंद दिनों में तापमान 40 डिग्री के पार होने की संभावना है। दरअसल, शुक्रवार की शाम को आई आंधी और बूंदाबांदी से मौसम बदल गया था। तापमान 35 डिग्री से नीचे चला गया था।

दो, तीन दिन राहत के बाद सोमवार को फिर से तापमान 38 डिग्री पर पहुंच गया। बुधवार से तापमान 40 डिग्री पहुंचने की संभावना है। दोपहर के वक्त तेज धूप के साथ लोगों को लू भी झेलनी होगी। दोपहर में तापमान बढ़ने की संभावना है।

## मेधावी छात्र संशोधित योजना के 715 आवेदन अधूरे

झज्जर। जिला कल्याण अधिकारी श्वेता शर्मा ने बताया कि डॉक्टर बी आर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के कुल आवेदनों में से 715 छात्रों के आवेदन पत्र अधूरे हैं। जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा छात्रों को सूचित किया गया है कि जिन छात्रों ने उक्त योजना के लिए आवेदन किया है, वे अपने अधूरे आवेदन पत्रों को विभाग की वेबसाइट पर जाकर 20 अप्रैल तक शीघ्र पूरा करें। ऐसा न करने पर उनके आवेदन पत्र को अस्वीकार कर दिया जाएगा

## सीएमसीटी ने खुर्जा में दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण



**बहादुरगढ़।** छुड़ानी के चंद्रभान मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा यूपी के खुर्जा में भी दिव्यांग कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एडवोकेट रंजना सिंह की पहल पर यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में डॉ महेश शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, ट्रस्टी विनय गोयल, सत्येंद्र दहिया व राजकुमार अरोड़ा ने दिव्यांगों को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में 550 लोगों का चेकअप किया गया और 310 दिव्यांग इससे लाभांवित हुए। भगवान महावीर विकलांग सेवा संस्थान के डॉक्टरों की अनुशंसा पर 27 लोगों को आवश्यकतानुसार व्हील चेयर, ट्राईसाइकिल, वाकर, मॉडिफाइड जूते, फोल्डिंग वाकर, वाकिंग स्टिक कृत्रिम हाथ पैर तैयार कर के लगाए गए। इसके अलावा 56 लोगों को हियरिंग कोर्ड प्रदान किए गए।

## सिलानी गेट की खस्ताहाल सड़क के कारण राहगीर और वाहन चालक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के सिलानी गेट क्षेत्र में खस्ताहाल हुई सड़क के कारण राहगीरों व दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर कई स्थानों पर बने छोटे-बड़े गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हैं। इन गड्ढों के कारण यहां से निकलने वाले वाहनों के संतुलन बिगड़ने का खतरा भी बना रहता है। वाहन चालकों को ऐसे में अपने वाहनों को धीमी गति से निकालना पड़ता है जिस कारण यहां जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।

दुकानदार विकास, अंजीत, बिट्टू, श्यामलाल आदि ने बताया कि यह स्थित पिछले कई माह से हैं। सिलानी गेट के मुख्य चौराहे से लेकर कुलदीप चौक तक सड़क पर जगह-जगह गड्ढे.बने हैं। लेकिन कोई सुध नहीं ले रहा है। वहीं पिछले करीब दो माह पहले नगर परिषद द्वारा गंदे पानी की निकासी को सुचारू करने के लिए यहां पुलिया निर्माण भी कराया था। उसके बाद कर्मचारियों ने औपचारिता पूरी करते हुए पैचवर्क किया। यहां से मेन बाजार जाने वाले मार्ग पर भी सड़क का छोटा हिस्सा बगैर पैचवर्क के छोड़ दिया गया जिस कारण वह रास्ता भी उबड़-खाबड़ हो गया है। इसी प्रकार देखा जाए तो स्थानीय यादव धर्मशाला वाले मोड़ पर जहां हल्के गड्ढे. बने हैं वहीं पुराना बर्फखाना मार्ग पर भी सड़क की हालत खस्ता है। दुकानदारों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर पैचवर्क कराकर समस्या से छुटकारा दिलाया जाए।



झज्जर। मेन बाजार जाने वाले मार्ग पर ये हाल।



झज्जर। कुलदीप चौक जाने वाले मार्ग पर बने गड्ढे।

## नई पॉलिसी को लेकर आज सीएम से मिलेंगे खाद और बीज विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सरकार द्वारा बीज एवं कीटनाशी अधिनियमों में संशोधन कर अर्थ दंड एवं कारावास के कड़े प्रावधानों के विरोध में समस्या के समाधान को लेकर आज प्रदेश भर के खाद एवं बीज विक्रेता सीएम से मिलेंगे। खाद एवं बीज विक्रेता बलवान हसनपुर ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक जिले से एक प्रतिनिधि भेजा जाएगा।

■ खाद व बीज विक्रेता बोले, व्यापार चौपट होने की नौबत आ गई

#### विक्रेताओं में रोष

झज्जर से एसोसिएशन के जिला प्रधान बलजीत पूनिया प्रतिनिधि मंडल में शामिल होंगे। बता दें कि सरकार द्वारा शुरू की गई नई पॉलिसी को लेकर खाद एवं बीज विक्रेताओं में रोष है। उनका कहना है कि इन कानूनों द्वारा प्रभावित वर्गों, बीज उत्पादक, विक्रेता एवं कीटनाशी निर्माता व विक्रेताओं की आपत्तियां सुने बिना पास किया गया है। यह सरकार का एक पक्षीय निर्णय बीज व कीटनाशक उत्पादकों तथा विक्रेताओं का जीवन दूभर कर देगा। सारा व्यापार बंद होने के कगार पर आ जाएगा।

#### प्रदेश के लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे

लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। सैम्पल सब-डिविजन आना उसको नकली साबित नहीं करता है। वे लाइसेंस धारी विक्रेता है जो सील बंद उत्पाद की खरीद बेच करते हैं। उत्पाद की गुणवता उत्पादक व पैककर्ता कंपनी के हाथ में होती है और उसका प्रयोग किसान के हाथ में। वे इस कानून का विरोध करते हैं। बता दें नई पॉलिसी के विरोध में जहां खाद एवं बीज भंडार संचालकों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था वहीं इस पॉलिसी को वापिस लेने की मांग को लेकर सांकेतिक हड़ताल करते हुए अपनी खाद एवं बीज की दुकानें बंद कर दी थी।

## मुक्केबाज अभिनव ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**झज्जर।** मुक्केबाज अभिनव बल्हारा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि 11 से 14 अप्रैल तक गोहाना में आयोजित राज्य स्तरीय यूथ मुक्केबाजी प्रतियोगिता में मुक्केबाज अभिनव बल्हारा ने 75 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा जिले के मुक्केबाज यश राणा व दीपांशु गुलिया ने भी कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने बताया कि होनहार अभिनव बल्हारा पिछले करीब पांच वर्षों से स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में नियमित रूप से अभ्यास कर रहा है। कोच हितेश देशवाल ने बताया कि अभिनव की यह जीत न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह जिले की मुक्केबाजी प्रतिभा और प्रशिक्षण स्तर का भी प्रमाण है। अब अभिनव आगामी 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक नोएडा उत्तर प्रदेश में होने वाली प्रतियोगिता में भागीदारी करेगा।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
15 अप्रैल 2025



यह कितनी बड़ी विडंबना है, हर क्षेत्र में अपनी मेधा शक्ति का लोहा मनवाती महिलाओं को इस आधुनिक युग में भी अपनी त्वचा के रंग को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां सुननी पड़ती हैं। उनके सम्मान पर आघात पहुंचाया जाता है। केरल की चीफ सेक्रेटरी शारदा मुरलीधरन के रंग पर की गई टिप्पणी, इस बात का ताजा उदाहरण है। सवाल यह है, रंगभेद का दंश स्त्रियां कब तक सहती रहेंगी, समाज इस संकीर्ण सोच से कैसे उबरेगा?



शारदा मुरलीधरन पर टिप्पणी

# आज भी रंगभेद का दंश सह रही हैं स्त्रियां

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

इसे दुराग्रह कहें या दिशाहीन पुरातनपंथी सोच, गोरे-काले रंग को लेकर आज भी दुर्भावना भरी टिप्पणियां सुनने को मिल जाती हैं। सामाजिक और पारिवारिक परिवेश में बहू-बेटियों का सांवलेपन को खूबसूरती की कमी और गोरे रंग को सुंदरता से जोड़कर देखा जाना आम बात है। दुखद है कि पढ़ी-लिखी कामयाब महिलाएं भी स्किन कलर को लेकर कहे गए द्वेषपूर्ण-नकारात्मक शब्दों का सामना करती हैं। हाल ही में केरल की चीफ सेक्रेटरी शारदा मुरलीधरन ने फेसबुक पोस्ट पर रंगभेद पर अपनी बात शेयर करते हुए लिखा कि एक अनजान व्यक्ति ने उनके दफ्तर में उनके रंग को लेकर टिप्पणी की। शारदा मुरलीधरन ने फेसबुक पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मेरे कामों की तुलना हमेशा मेरे पति से की जाती रही है। लेकिन अब एक टिप्पणी ऐसी भी सुनने को मिली, जिसमें मेरे काम-काज की तुलना के साथ ही मेरे रंग पर भी तंज किया गया।' गौरतलब है कि शारदा ने अपने पति के रिटायर होने के बाद यह पद संभाला है। शारदा ने लिखा, 'मैंने पचास साल से भी ज्यादा के अरसे से रंग गोरा न होने से सुंदरता में कमी देखने की सोच का सामना किया है। लोगों में फेयर स्किन टोन का क्रेज देखा है।' सोशल मीडिया पोस्ट में शारदा ने न केवल अपने रंग को लेकर समाज की सोच पर सवाल उठाए बल्कि अपने कालेपन पर गर्व होने की बात भी कही। चर्चा, चिंता और चिंतन का विषय बना, संकीर्ण सोच को सामने रखता यह मामला बहुत से पहलुओं पर सोचने को विवश करता है, सार्थक विमर्श की भी मांग करता है।

### भेदभाव से जुड़ा पहलू



ध्यान देने वाली बात यह है कि सांवले रंग की वजह से भेदभाव का सामना करने के हालात, जेंडर डिसक्रिमिनेशन से भी जुड़े हैं। घर हो या दफ्तर, त्वचा के रंग की वजह दुर्भाव भरे शब्द आमतौर पर महिलाओं को ही सुनने को मिलते हैं। सांवली शक्ल के प्रति परायों में ही नहीं, अपनों में भी पूर्वाग्रह देखने को मिलता है। शादी-सगाई के समय तो बहुत हद तक स्किन कलर को लेकर कायम सोच स्पष्ट दिखती है। तकलीफदेह बात यह है कि काम-काजी संसार में भी कभी सराहना तो कभी बेहतर अवसर के रूप में गोरे चेहरों की ओर झुकाव दिख जाता है। जबकि यह भेदभाव सीधे-सीधे किसी स्त्री की योग्यता और क्षमता पर प्रश्न उठाने जैसा है। शारदा मुरलीधरन ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि उनकी परफॉर्मेंस की तुलना उनसे पहले उसी पोस्ट पर रहे व्यक्ति से की गई, जो उनके पति हैं और उनकी स्किन का कलर अलग है।

लैंगिक पूर्वाग्रहों के चलते ही एक ऑफिसर के तौर पर उनकी परफॉर्मेंस पर बात कहने के बजाए, इस टिप्पणी में उनकी स्किन का रंग भी जुड़ गया। एक सफल-सशक्त स्त्री से जुड़ा यह मामला बताता है कि जेंडर डिसक्रिमिनेशन की जड़ें कितनी गहरी हैं।

### आत्मसम्मान को ठेस

रंगभेद पर की गई टिप्पणियां सिर्फ शब्द भर नहीं होते। ऐसी बातें स्त्रियों की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं। गोरी त्वचा को लेकर कायम मोह और मनुहार का भाव, बहुत-सी बहू-बेटियों को बेवजह कमतरी के भाव की ओर धकेलता है। घरेलू मोर्चे पर गुणों की अनदेखी, तो पेशेवर फ्रंट पर काम-काज के मूल्यांकन पर भी चेहरे की रंगत से जुड़ी सोच हावी रहती है। वहीं सामाजिक-पारिवारिक माहौल में तो सांवलेपन को महिला ही नहीं, उसके पूरे परिवार की कमजोरी की तरह देखा जाता है। पक्के रंग वाली बहू को लेकर सहानुभूति जताई जाती है तो बेटी का रंग गोरा न होने पर अच्छा घरबार न मिलने की चिंता। लोगों को सहज-सी लगने वाली इन बातों और बर्ताव का महिलाओं के मन पर गहरा असर होता है। बड़ी होती बेटियां तो बहुत असहज महसूस करती हैं। त्वचा का रंग स्कूल-कॉलेज तक में उन्हें एक अलग खांचे में खड़ा करता है। इसी मनःस्थिति की बात शारदा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में भी कही है कि 'जब मैं चार साल की थी तो मां से पूछा करती थी कि क्या वे मुझे अपनी कोख में दोबारा डाल सकती हैं और झक गोरा और सुंदर बनाकर निकाल सकती हैं?' असल में रंगभेद से जुड़ा बर्ताव इमोशनल-साइकोलॉजिकल फ्रंट पर भी हर आयुवर्ग की स्त्रियों को चोट पहुंचाता है। शिक्षा और आत्मनिर्भरता के बढ़ते आंकड़ों के बावजूद समाज के हर तबके में ही स्त्रियों का अपमान करने और उनके मन में अपराधबोध का भाव भरने का यह बर्ताव सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण है।

### उपहास का विषय क्यों

विडंबना ही है कि सदा से ही प्रकृति से मिले रंग-रूप को भी उपहास और अभद्र टिप्पणियां करने का विषय बनाया गया। समय के साथ बदलाव भी इस मोर्चे पर सब कुछ नहीं बदल पाए हैं। असल में इस फ्रंट पर मानसिकता बदले बिना बदलाव आना मुश्किल है। पक्के-सांवले रंग को लेकर दयनीय समझने के बजाए किसी महिला की काबिलियत और अच्छे बर्ताव को महत्व देने की सोच जरूरी है। संपूर्ण व्यक्तित्व को आंकने का भाव आवश्यक है। मेहनत से अर्जित की गई योग्यता के प्रति सम्मान के भाव को पोसना जरूरी है। आखिर कब तक स्किन कलर से जुड़ी सोच स्त्रियों की असहजता का कारण बनी रहेगी? पक्के रंग के कारण अपमान और उपहास वाले शब्द कब तक जीना दूभर करते रहेंगे? कुछ समय पहले राजस्थान के झालावाड़ जिले में शादी के बाद से ही पति द्वारा रंग को लेकर तंज करने और फब्तियां कसने के चलते पत्नी ने सुसाइड कर ली थी। समझना जरूरी है कि ऐसी घटनाओं के पीछे पीड़ा और तानों-उलाहनों की लंबी फेहरिस्त है। ऐसे में समग्र समाज की मानसिकता में बदलाव आए बिना यह भेदभाव नहीं रुक सकता। सांवली बेटी को लेकर सहजता तभी आएगी, जब सांवली बहू को स्वीकार करने में असहजता नहीं रहेगी।

### बाजार ने भी दिया बढ़ावा



असल में रंगभेद की सोच सोशल सिस्टम में तो थी ही, इसे बाजार ने भी बढ़ावा दिया है। कितने ही प्रोडक्ट्स के विज्ञापन चेहरे को गोरा बनाकर सबको लुभाने, हर ओर छा जाने का भाव दिखाते रहे हैं। अफसोस कि खूबसूरत दिखने के लिए गोरे रंग को जरूरी बताने वाली मानसिकता की यह लड़ाई आज तक जारी है। चेहरे को निखारने से शुरू हुए उत्पादों का बाजार अब गोरा बनाने वाले प्रोडक्ट्स तक जा पहुंचा है। शादी-ब्याह से लेकर नौकरी पाने तक और आत्मविश्वासी दिखने से लेकर आत्मनिर्भर बनने तक। गोरा बनाने वाले अनगिनत उत्पादों के विज्ञापनों में बताया-समझाया जा रहा है कि गोरा रंग लगभग हर समस्या का हल है। अब रील्स वीडियोज में गोरा बनने के गुर बताकर लाखों व्यूज बटोरे जा रहे हैं। रंग निखारने का वादा और दावा करने वाले वीडियोज से सोशल मीडिया अटा पड़ा है। ऐसे में जरूरी है कि स्त्रियों में अपने-अपने रंग-रूप के प्रति स्वीकार्यता का भाव हो। परिवेश के तानों-उलाहनों की आत्मविश्वास के साथ अनदेखी करने और बाजार का खेल समझने की सोच को बल मिले। साथ स्वजन ही नहीं, अपरिचित लोग भी अपना नजरिया बदलें। समग्र समाज की सोच में बदलाव आए बिना, भेदभाव पोषित करने वाली इस मानसिकता से नहीं निकला जा सकता है।

---

# शादी से पहले पार्टनर के साथ क्लीयर कर लें करियर से जुड़ी बातें



आज हर लड़की अपना करियर बनाना चाहती है। लेकिन शादी के बाद करियर में बहुत सी बाधाएं आती हैं, यहां तक कि कई बार करियर बनाने का इरादा छोड़ना पड़ता है। ऐसा न हो, इसलिए अपने भावी जीवनसाथी से शादी से पहले ही खुलकर बात कर लें।

एडवाइस
नम्रता नदीम

एमबीए कर चुकी नेहा की शादी एक संपन्न परिवार में हुई थी। शादी के बाद हंसी-खुशी कुछ माह बीत गए। नेहा का पति एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत था। नेहा को जब घर बैठे बोरियत होने लगी तो उसने जॉब्स के लिए इच्छा जताई और कई कंपनियों में अप्लाई कर दिया। ऐसा करना था कि पति नाराज रहने लगे। उन्हें यह पसंद नहीं था कि उनकी पत्नी जॉब करे। उनका कहना था, जब वह अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं, वह और उनका परिवार इस कमाई से संतुष्ट है तो नेहा कमाने के लिए घर से बाहर क्यों निकले? घर में इस बात पर दोनों में तकरार होने लगी। एक दिन ऐसा भी आया, जब नेहा को भी एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी में बहुत अच्छी सैलरी पर जॉब मिल गई। पति ने इस बात का कड़ा विरोध किया। अंततः नेहा ससुराल से मायके आकर रहने लगी। इस तरह पत्नी के सपने पति पर भारी पड़े, दोनों के रिश्ते टूटने की कगार पर पहुंच गए। इसलिए जरूरी है, जब भी कोई लड़की वैवाहिक बंधन में बंधने वाली हो तो उसे पहले ही मंगेतर से अपने करियर को लेकर बातें क्लीयर कर लेनी चाहिए।

**रिश्ते में बंधने से पहले:** अगर आप किसी रिश्ते में जुड़ने जा रही हैं तो पहले ही भावी जीवनसाथी से यह जान लें कि आपको लेकर उसकी क्या अपेक्षाएं हैं? आपके करियर को लेकर उसकी क्या सोच है? अगर आपका पार्टनर अपने सपनों की उड़ान तो बहुत ऊंची भरना चाहता है, लेकिन आपके करियर को कोई महत्व नहीं देना चाहता और आप हैं कि जीवन में बहुत आगे बढ़ना चाहती हैं, आत्मनिर्भर रहना चाहती हैं तो यह जान लें, उसके साथ वैवाहिक बंधन में बंधकर आपके सपने पूरे नहीं हो पाएंगे। कहने का आशय यह है, आप दोनों एक-दूसरे की महत्वाकांक्षाओं को कितना महत्व देंगे, इस बात की पुष्टि शादी से पहले ही कर लें। अगर आप जॉब करने की इच्छुक हैं तो पहले से ही भावी जीवनसाथी ही नहीं, उसके परिवार के सदस्यों से भी खुलकर बात कर लें। यदि आपको लगता है कि आगे जॉब करने की इजाजत नहीं होगी तो ऐसे रिश्ते को एक्सेप्ट करना सही नहीं होगा।

### हो बैटर अंडरस्टैंडिंग



अगर पति-पत्नी दोनों के बीच आपसी प्यार है, अच्छी अंडरस्टैंडिंग है तो दोनों ही एक-दूसरे के सपनों को महत्व देंगे। इन्हें पूरा होने में बाधक नहीं बनेंगे। एक-दूसरे की बेहतरी के लिए जो भी अच्छा हो सकता है, करेंगे। महत्वाकांक्षी पति-पत्नी को एक-दूसरे के सपनों की मंजिल पाने में मदद के लिए तैयार रहना चाहिए।

**स्वार्थी न बनें:** यह सच है कि हर किसी को अपने सपने पूरे करने का हक है, लेकिन इन्हें ऊपर रखते हुए अपने साथी की जरूरतों को नजरअंदाज करना भी सही नहीं है। अपना करियर जरूर संवारें, लेकिन ऐसा न हो कि आपके एंबीशन इतने ज्यादा हों कि आप और आपके पार्टनर के बीच कोई तालमेल न हो सके। अपने सपनों की उड़ान में आप उसके सपनों को पूरा करने में कितनी सहायक हो सकती हैं, इसके बारे में जरूर सोचें, क्योंकि करियर को लेकर दोनों के बीच तालमेल स्थापित होना जरूरी है।

---



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# उलझे बालों की समस्या दूर कर देंगे ये हेयर मास्क



किसी फंक्शन या पार्टी में जाने के लिए, आप अपने बालों में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स और टूल्स का इस्तेमाल करती हैं। इससे आपके बालों की लेयरिंग खराब हो जाती है। वो डल और बेजान दिखने लगते हैं। इस वजह से कई बारे बाल उलझ भी जाते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए आप हेयर मास्क का यूज कर सकती हैं, जो आपके बालों को मुलायम और सुलझा हुआ बना देंगे।

**नारियल दूध-शहद का मास्क:** बालों को उलझने से बचाने के लिए नारियल का दूध और शहद का मास्क बहुत यूजफुल है। इसे बालों पर लगा कर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में सिर को ताजे सामान्य पानी से धो डालें। नारियल का दूध बालों की डीप हाइड्रेशन करता है, जबकि शहद बालों में नमी को बनाए रखता है, जिससे बाल मजबूत और मुलायम रहते हैं और आपस में उलझते नहीं हैं। इसे बनाने के लिए कांच के कटोरे में एक चम्मच नारियल तेल और एक चम्मच शहद का मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को गैस पर हल्की आंच पर तब तक गर्म करें, जब तक यह पूरी तरह पिघल न जाए। जब यह मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसमें एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डाल दें। अब इस मिश्रण को गीले बालों पर लगा लीजिए। आप इसे ड्राई बालों पर भी लगा सकती हैं। ड्राई, फ्रीजी बालों पर अच्छी तरह लगाने के बाद बालों को कैप से ढंक लीजिए और 45 मिनट तक लगा रहने दीजिए। आप चाहें तो बालों का जूड़ा भी बना सकती हैं। 45 मिनट बाद बालों को शैंपू से धो लें।

**एवोकाडो-नारियल तेल मास्क:** एवोकाडो और नारियल तेल का हेयर मास्क भी बालों को उलझने से बचाता है। इसे बनाने के लिए एक पके एवोकाडो को ग्लास बॉउल में मैश कर लें। इसमें दो-तीन बूंदें नारियल तेल डालकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपनी अंगुलियों के माध्यम से बालों और स्कैल्प पर धीरे-धीरे लगाएं। बाद में बालों को धो डालें। एवोकाडो बालों को नमी और पोषण प्रदान करता है।



**एवोकाडो-ऑलिव ऑयल मास्क:** एवोकाडो और ऑलिव ऑयल हेयर मास्क बनाने के लिए एक एवोकाडो को अच्छी तरह मैश कर लें। इसमें 1/4 कप ऑलिव ऑयल और एक चम्मच नीबू का रस मिला लें। इसे शुष्क बालों पर जड़ों से ऊपर की ओर लगाएं और आधे घंटे बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। नीबू में एंटीफंगल गुणों की वजह से बालों में यह पैक डेंड्रफ को कंट्रोल करता है। एवोकाडो से आपके बालों को भरपूर पोषण मिलता है और बाल आपस में उलझते भी नहीं हैं।

---

डाइट सजेशन
अंजू जैन

आमतौर पर होम मेकर्स अपनी हेल्थ-डाइट का ध्यान नहीं रखती हैं। हेल्दी, रहने के लिए उन्हें भरपूर न्यूट्रिएंट्स की जरूरत होती है। कैसी होनी चाहिए आपकी डाइट इस बारे में आपके लिए यूजफुल सजेशंस।

# होम मेकर्स के लिए परफेक्ट डाइट प्लान

अधिकतर महिलाएं हमेशा घर के दूसरे सदस्यों की जरूरतें पूरी करने में ही जुटी रहती हैं। अपने खान-पान पर जरूरी ध्यान नहीं देती हैं। उन्हें कोई अपना ध्यान रखने के लिए कह भी दे, तो उनका जवाब कुछ ऐसा होता है, 'अरे हमें कौन सी भाग-दौड़ करनी पड़ती है, दिन भर घर में ही तो रहना है। कुछ भी खा लेंगे, कभी भी खा लेंगे।' लेकिन ऐसी सोच हेल्थ के लिए सही नहीं होती है।

**नॉन स्टॉप काम:** आमतौर पर होम मेकर्स को पुरुषों से भी ज्यादा देर तक काम करना पड़ता है। पुरुष भले ही घर से बाहर 8-10 घंटे काम करते हों लेकिन होम मेकर्स को तो राउंड दी क्लॉक यानी 16 से 18 घंटे ऑन ड्यूटी रहना पड़ता है। वर्किंग पुरुषों को शनिवार, रविवार, त्योहारों पर अवकाश तो मिल जाता है, लेकिन होम मेकर्स को तो 365 दिन काम में लगे रहना पड़ता है। ऐसे में होम मेकर्स को अपनी डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह न सिर्फ आपकी हेल्थ के लिए जरूरी है बल्कि घर के दूसरे सदस्यों के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि आप फिट रहेंगी, तभी तो उनकी बेहतर देखभाल कर पाएंगी। इस लिहाज से घर के पुरुष सदस्यों को भी होम मेकर्स की डाइट के प्रति विशेष रूप से कॉन्शस रहना चाहिए।



**कैसी हो डाइट:** होम मेकर्स की डाइट कैसी हो, इस बारे में बता रहे हैं।

- 10-12 गिलास पानी हर रोज पिएं। सॉफ्ट ड्रिंक या मीठे शरबत के बजाए सादा पानी ही सर्वोत्तम होता है। ताजा फलों का रस और छाछ आदि पी सकती हैं। खाने से तुरंत पहले या तुरंत बाद ज्यादा पानी न पिएं। इसमें 30-45 मिनट का अंतर रखें। खाना खाते ही पानी पीने से पाचक रस का असर खत्म हो जाता है। पाचन में दिक्कत आती है।
- सुबह सवेरे कई तरह के काम रहते हैं, इसलिए शांति से बैठकर नाश्ता करने की फुरसत नहीं मिलती। ऐसे में भूखे पेट रहना ठीक नहीं। आपको कुछ ड्राई फ्रूट्स (जैसे भीगे हुए बादाम) खा लेने चाहिए। सेब, केला, अमरूद या चीकू भी सुबह के नाश्ते के लिए अच्छे विकल्प हैं।



- अंकुरित अनाज या भीगी हुई दाल से कुछ पौष्टिक आहार बना सकती हैं।
- घर में कुछ तरह की चटनियां आपको हमेशा रखनी चाहिए। स्वाद और सुविधा के मुताबिक आप नारियल, इमली, धनिया, पुदीना, करौंदा, कच्चे आम आदि की चटनियां बना सकती हैं। ये भोजन में रुचि जगा कर स्वाद तो बढ़ाती ही हैं, इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।
- हर रोज सलाद जरूर खाएं। मौसम और उपलब्धता के अनुसार टमाटर, प्याज, खीरा, गाजर, चुकंदर, लेट्यूस आदि का सलाद बना सकती हैं। इनमें घुलनशील फाइबर, विटामिन और मिनरल्स होते हैं, जो आपके लिए सेहतमंद होते हैं। साथ ही इनसे पेट जल्दी भरता है, इसलिए आप ज्यादा खाने से बच जाती हैं।
- प्रतिदिन वर्कआउट जरूर करें। मॉर्निंग या ईवनिंग वॉक, स्विमिंग, डांस, योगा, एरोबिक्स, कुछ न कुछ जरूर अपनाएं।
- बेकरी आइटम्स, ऑयली फूड्स से बचें।
- रात को हमेशा समय पर सोएं। कम से कम सात घंटे की नींद जरूर लें। दोपहर में भी थोड़ा-सा समय निकालकर 30-45 मिनट की झपकी जरूर लें।
- चोकरयुक्त आटे की रोटी खाएं, इससे पर्याप्त फाइबर मिलेगा।

**(डाइटीशियन-न्यूट्रीशनिस्ट निधि शुक्ला पांडेय और डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

---

आज अधिकांश कपल्स वर्किंग हैं, उनके सामने अपने बच्चों की परवरिश की समस्या रहती है। ऐसे में घर के बुजुर्ग बच्चों की परवरिश हंसी-खुशी कर रहे हैं। इन्हें ही नहीं, बच्चों को भी अपने दादा-दादी या नाना-नानी के साथ का सुख मिल रहा है।

# ग्रैंड पैरेंट्स के साए में बच्चे

परवरिश
नम्रता



बढ़ते एकल परिवारों की मजबूरी के चलते दादा-दादी, नाना-नानी कहीं पीछे ही छूट गए हैं। लेकिन अब पति-पत्नी दोनों के काम-काजी होने के कारण दिनभर उनकी अनुपस्थिति में बच्चों के अकेलेपन को दूर करने और बेहतर परवरिश के लिए काम-काजी पति-पत्नी फिर से उन्हें दादा-दादी, नाना-नानी के साए में पालना सही समझते हैं। सिंगल पैरेंटिंग, तलाक के बाद एक पार्टनर का अलग होकर शादी करना, दोनों का अलग होकर फिर से शादी करना, करियर में व्यस्तता और भी इसी तरह के तमाम कारणों से कई परिवारों में दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों के लालन-पालन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

**एंज्वॉय करते हुए बच्चों की परवरिश:** वंशिका पति से अलगाव के बाद अपने मायके में रहने के लिए आ गई। कोर्ट में तलाक का मुकदमा चल रहा है। वंशिका स्वयं वर्किंग है। उसके पिता उच्च पदस्थ सरकारी कर्मचारी रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद वह और उनकी पत्नी वंशिका की बेटी को पालने की जिम्मेदारी उठा रहे हैं। 58 वर्षीय उनकी मां कहती हैं, 'मैं अपनी धेवती को लेकर शाम को जब पार्क जाती हूं तो मेरी ही तरह की और कई ऐसी महिलाएं हैं, जो गांव-कस्बे से अपने घर को छोड़कर अपने पोते-पोतियों की परवरिश कर रही हैं। उनके साथ हमारी गपशप होती है, हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है। सुबह बच्चों को स्कूल भेजने के बाद हम लोग पार्क में आते हैं, तब तक बेटी और दामाद तैयार होकर दोपहर का खाना बनाकर ऑफिस चले जाते हैं। सुबह के समय ही हम घर से बाहर निकल पाते हैं। यहां हम लोगों से मिल-जुलकर खुश होते हैं। हमारी वॉक भी हो जाती है और हमें भी यह अहसास होता है, रिटायरमेंट के बाद हम खाली नहीं बैठे हैं। हमारा भी समय बच्ची के साथ हंसते-खेलते गुजर जाता है, बोरियत नहीं होती।'



**बच्चे सीख रहे हैं बहुत कुछ:** दादा-दादी, नाना-नानी की परवरिश में पलने वाले बच्चे अब उनके सान्निध्य में जिंदगी से जुड़े बहुत से खेल और काम सीखते हैं। उनको भी इनका साथ अच्छा लगता है। मुंबई में रह रही मिसेज अरोड़ा अपनी पोती को खाना बनाना सिखा रही हैं, सिलाई, बुनाई और कढ़ाई में पारंगत मिसेज अरोड़ा के ये पुराने शौक, जिन्हें उन्होंने अपने बच्चे पालने की व्यस्तता में बिसरा दिया था, अपनी पोती के बहाने उनके ये शौक फिर से नए रूप में सामने आ रहे हैं। मिसेज अरोड़ा कहती हैं, 'हमारे रिश्तेदार अकसर हमें इस बात का ताना देते हैं कि हमारी बहू अपने बच्चे की परवरिश के लिए हमें अपने शहर से दूर मुंबई ले गए हैं। लेकिन हम ऐसा नहीं मानते। हम पति-पत्नी को यह लगता है कि हम कोई उन पर एहसान नहीं कर रहे। न इसके लिए हम अपनी सेहत की कुर्बानी दे रहे हैं बल्कि बच्चों के साथ हमारा समय कैसे कट जाता है, हमें पता ही नहीं चलता। हमें इससे असीम सुख की अनुभूति होती है।'

**बच्चों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच:** मजबूरीवश ही सही सोशल मीडिया के इस दौर में आज दादा-दादी, नाना-नानी जैसे रिश्ते, जो पिछले कुछ सालों से हाशिए पर चले गए थे, उनकी इस जनरेशन ने अब कीमत पहचानी है। हमारे बुजुर्ग, हमारे बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी उनके लिए जो कुछ भी कर रहे हैं, वह करना आसान नहीं है। बच्चों को क्रेच में छोड़ने या मेड के भरोसे रखना सही नहीं है। हमारे माता-पिता के साथ बच्चों का रक्त संबंध है, बच्चों को भी अच्छा लगता है और हमारे माता-पिता भी हमारे साथ रहते हैं। दादा-दादी, नाना-नानी हमारे परिवार का एक मजबूत आधार और बच्चों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** एक स्कूल टीचर को टक्कर मारने के आरोप में मॉडल टाउन पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में प्राइवेट स्कूल की टीचर मॉडल टाउन निवावासी पूजा छाबड़ा ने बताया कि गत 2 अप्रैल को वह स्कूल से घर आ रही थी। एक अस्पताल के पास एक कार से बचाने के लिए उसने स्कूटी मोड़ दी। इसी दौरान एक ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हालत गंभीर होने के कारण उस समय वह बयान दर्ज नहीं करा सकी। पुलिस ने उसके बयान दर्ज करने के बाद ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### मारपीट मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खोल थाना पुलिस ने गत वर्ष 22 अगस्त को दर्ज मामले में राजस्थान के गुगडिया निवासी अमित उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। 28 जनवरी को शहबाजपुर खालसा में मारपीट के बाद दर्ज किए गए मामले में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शबाजपुर खालसा निवासी बिजेंद्र को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने गत 6 मार्च को दर्ज किए गए केस में राजस्थान के प्रतापुर निवासी पंकज को काबू किया है। बाद में तीनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### घर के अंदर खड़ी बाइक पर हाथ साफ

**धारूहेड़ा।** गुर्जर घटाल में चोर रात के समय एक घर के अंदर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में देवेंद्र ने बताया कि उसने चलाने के लिए अपने रिश्तेदार की बाइक ली हुई है। रात को उसने बाइक बैठक के अंदर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठा तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी। इस एरिया में नियमित अंतराल के बाद बाइक चोरी की घटनाएं हो रही हैं, परंतु पुलिस अभी आरोपियों को काबू नहीं कर सकी है।

### मारपीट व चोरी के आरोपी को भेजा जेल

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने पाडला में मारपीट करने और चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गांव निवासी युधिष्ठर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसके खिलाफ पहले भी एक अभियोग दर्ज है। पुलिस ने जांच के बाद दोनों मामलों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट मामले में बाप-बेटा गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** बालधन कलां में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोपी पिता-पुत्र को जाटूसाना थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बयान में बेरली कलां निवासी पीड़ित ने बताया था कि वह किसी काम से बालधन कलां में एक डेयरी पर गया था। जब वह सड़क किनारे एक दुकान के पास बैठा हुआ थो, तो सुखबीर व उसके पिता दयानंद ने उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने उसके बयान पर दोनों आरोपियों के खिलाफ 12 अप्रैल को केस दर्ज किया था।

### अनाज मंडी परिसर में गेहूं व सरसों की आवक जारी

# 31.29 प्रतिशत गेहूं का हुआ उठान, डीसी ने उठान कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में लगी गेहूं की ऊंची ढेरियां और बोरियों की सिलाई करते हुए श्रमिक। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

अनाज मंडी परिसर में गेहूं व सरसों की आवक जारी है। प्रतिदिन किसान अपनी फसल लेकर अनाज मंडी में पहुंच रहे है। लेकिन अनाज मंडी में आवक ज्यादा होने और उठान कार्य धीमी गति से होने के कारण किसानों और आढ़तियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि दिनभर अनाज मंडी परिसर में जाम की स्थिति भी बनी रहती है। डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि अब तक जिले में कुल 29 हजार 135.63 मीट्रिक टन सरसों की आवक और 25425.95 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 18 हजार 804 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। वहीं गेहूं की जिले में 95 हजार पांच मीट्रिक टन आवक तथा 42 हजार 828 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद हुई है,जबकि 13 हजार 401 मीट्रिक टन का उठान हो चुका है। उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को समय पर भुगतान किया जाए ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। 31.29 प्रतिशत गेहूं का उठान हुआ है। लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाई जाए ताकि मंडियों में जगह की कमी न हो और नई फसल की आवक बाधित न हो।

■ उठान कार्य धीमी गति से होने के कारण किसानों और आढ़तियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा

### आसौदा में 184 तो बहादुरगढ़ मंडी में कटे चार गेट पास

**बहादुरगढ़।** आसौदा और बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में गेहूं की खरीद जारी है। लगातार मंडी में किसान गेहूं लेकर आ रहे हैं। वहीं, सरसों की आवक और खरीद फिलहाल बंद हो चुकी है। सोमवार को बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में मात्र चार ही गेट पास कटे और 288.5 क्विंटल फसल आई। जबकि 682.5 क्विंटल सरकारी खरीद हुई। अब तक इस मंडी में 4478 क्विंटल खरीद हो चुकी है, जिसमें से 3796 क्विंटल का उठान हो चुका है। बात आसौदा की मंडी की करें तो यहां किसानों का रुझान अधिक है। सोमवार को यहां 184 गेट पास कटे 12 हजार 264 क्विंटल फसल आई। जबकि 10 हजार 784 क्विंटल खरीद हुई। अब तक इस मंडी में कुल 47213 क्विंटल गेहूं आ चुका है, जिसमें से कुल 40 हजार 956 क्विंटल खरीद हो चुकी है। हालांकि उठान मात्र 36 प्रतिशत हुआ है। वहीं, बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में सोमवार को सरसों की न तो फसल आई और न ही खरीद हुई। लगभग 75 फीसद उठान हो चुका है।

## श्री परशुराम भवन के लिए दान किए 1 लाख 51 हजार रुपये



झज्जर। श्रीब्राह्मण धर्मशाला में मौजूद महासभा सदस्य एवं दानी सज्जन।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

श्री ब्राह्मण महासभा में सुरेहती गांव निवासी मुकेश शर्मा ने अपने परिजनों व समर्थकों के साथ ब्राह्मण धर्मशाला में पहुंच कर श्री परशुराम भवन के लिए एक लाख इक्यावन हजार रुपये की राशि दान स्वरूप भेंट की। श्री ब्राह्मण महासभा प्रधान राज देवरखाना, महासचिव संत सुरेहती, वरिष्ठ उपप्रधान कुलदीश शर्मा, कार्यालय सचिव धर्मवीर गुढ़ा, जयपाल खुंगाई, राजेंद्र कोट, योगेश शर्मा, रमेश, ओमप्रकाश, धर्मराज, श्रीनिवास, सोनू शर्मा, संजय शर्मा आदि ने दानी सज्जनों का आभार जताया।



बहादुरगढ़। कार्यकर्ताओं के साथ हिसार के लिए रवाना होते विधायक राजेश जून।

### कार्यकर्ताओं के साथ हिसार गए विधायक

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून सोमवार को बहादुरगढ़ से कार्यकर्ताओं के साथ हिसार में आयोजित प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का यह दौरा बहुत ऐतिहासिक रहा। उन्होंने हरियाणा को विकास के पथ पर लेकर जाने वाली कई योजनाओं का आज उद्घाटन व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में जोरदार स्वागत और अभिनंदन भी किया गया।

## भारत विकास परिषद की तीनों शाखाओं को मिला सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

भारत विकास परिषद द्वारा पानीपत में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में झज्जर जिले की तीनों शाखाओं को सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। परिषद पदाधिकारी राकेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, प्रवीण गुप्ता, दीपक जिंदल और रामचरण सिंगला ने स्मृति चिह्न देकर बहादुरगढ़ शाखा, विवेकानंद शाखा व भगवती बेरी शाखा के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। शाखा अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, सुनील बंसल और राजीव मित्तल ने यह सम्मान प्राप्त किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी, जिला समन्वयक सतीश शर्मा और सह समन्वयक प्रवीण शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नीरज गर्ग, मीना मित्तल, सोना बंसल, मुरारी लाल गोयल, रमेश गुप्ता, हरीश बजाज, सुरजीत घावरी, राजेंद्र, पवन रोहिल्ला, सुदेश और प्रदीप आदि उपस्थित रहे।




बहादुरगढ़। प्रांतीय पदाधिकारियों से सम्मान प्राप्त करते स्थानीय पदाधिकारी।

## दिल्ली से वैष्णो देवी तक जीते बीआरजी के धावक

■ 10 किलोमीटर रेस में डॉ. किरण छिल्लर ने भारत के झंडे के साथ दौड़ते हुए धावकों को प्रेरित किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

हर वर्ष की तरह इस बार भी बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के करीब 60 धावक अपने परिवारों सहित माता वैष्णो देवी के दरबार पहुंचे। बीआरजी के धावकों ने वैष्णो देवी कटरा, नोएडा और दिल्ली के कनॉट प्लेस में आयोजित दौड़ स्पर्धाओं में भाग लेकर जीत के परचम लहराए। साथ ही फिटनेस व समर्पण का अनूठा उदाहरण पेश किया।

कटरा में 21 किलोमीटर दौड़ में दीपक छिल्लर ने पेसर की भूमिका निभाई। वहीं 10 किलोमीटर रेस में डॉ. किरण छिल्लर ने भारत के झंडे के साथ दौड़ते हुए धावकों को प्रेरित किया। दस किलोमीटर 45 प्लस आयुवर्ग में धर्मवीर सैनी ने पहला और राजेश स्वामी ने दूसरा स्थान पाया। दस किलोमीटर 35 प्लस आयुवर्ग में मुकेश मिश्रा ने दूसरा और भोजराज टाक ने तीसरा स्थान हासिल किया। डॉ. शालिनी शर्मा ने 10 किलोमीटर 35 प्लस में पहला स्थान, पूनम अग्रवाल ने 45 प्लस में दूसरा स्थान, अंजुम कपूर ने 21.1 किलोमीटर 55 प्लस में पहला स्थान प्राप्त किया। रमेश शर्मा, संदीप शर्मा, निरंजन, धर्मेंद्र शर्मा, विनीत, पुष्कर, बानेश, विजय वरुण, राकेश, शरनाम, लक्ष्मण, अमरनाथ, धर्मवीर, सतवंती, रामेंद्र, दिनेश चंद्र, सीमा रानी, नवीन, मोहक, सोनिया गुर्जर, साची सिंह, पंकज धर, उषा, रक्षा, राज कपूर, प्रमिला, निधि अग्रवाल, पूनम वर्मा, संध्या भोला, ज्योति अग्रवाल, रंजन अग्रवाल, अश्विनी, शशिकांत, मेजर प्रदीप कुमार, दीपक मेहरा, सुषमा, विवेक, किरण, सविता, रोहित व हरीश आदि ने सफलतापूर्वक दौड़ पूरी की। नोएडा में हुई "रन फॉर रिमेम्बरस" में में बीआरजी की ललिता पांडे ने 10 किलोमीटर 50 प्लस आयुवर्ग में पहला स्थान, राजेंद्र सिंह बावा ने 6.3 किलोमीटर ओपन कैटेगरी में पहला स्थान, शमशेर सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली के कनॉट प्लेस में हुई बैसाखी रन में आरके मोर, नवीन राणा और विजय दहिया ने बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप का नाम रोशन किया।



बहादुरगढ़। कटरा में हुई दौड़ में जीतने व भागने वाले बीआरजी के धावक।

### खुफिया अधिकारी को लूटने के आरोप में दो ऑटो चालक अरेस्ट

**नई दिल्ली** राष्ट्रीय राजधानी के आर के आश्रम मार्ग के पास चाकू दिखा कर खुफिया ब्यूरो के एक अधिकारी को लूटने के आरोप में दो ऑटो-रिक्शा चालकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 11 अप्रैल को शिकायतकर्ता पहाड़गंज के एक रेस्तरां में गया था, जहां से आरोपी अख्तर रजा (41) और गुलाम रजा (25) ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) देवेश महला ने बताया कि रात करीब एक बजे जब शिकायतकर्ता आरके आश्रम मार्ग ट्रैफिक सिग्नल पर ऑटो-रिक्शा का इंतजार कर रहा था, तो दोनों ने चाकू दिखा कर उससे लूटपाट की। शिकायतकर्ता खुफिया ब्यूरो में काम करता है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने उसका पर्स छीन लिया, जिसमें उसके डेबिट और क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी, सीजीएचएस कार्ड और 1,500 रुपये नकद थे।

## पेट्रोल चोरी का विरोध करने वाले को जलाने का आरोपी दबोचा



**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

दक्षिणी दिल्ली के तिगरी में पेट्रोल चोरी की कोशिश के दौरान एक व्यक्ति को कथित तौर पर जलाने और एक अन्य को गोली मारने के मामले में फरार 28 वर्षीय गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार गैंगस्टर मोहम्मद आसिफ उर्फ हकला, दीपक पंडित गिरोह से जुड़ा हुआ है। आसिफ और उसके कुछ साथी 9 अप्रैल देर रात तिगरी के सी ब्लॉक स्थित छोटी मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल से पेट्रोल चुराने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारी के मुताबिक, जब एक स्थानीय युवक मोहम्मद शान ने पेट्रोल चोरी का विरोध किया, तो आरोपियों ने कथित तौर पर उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। उन्होंने बताया कि शान के पड़ोसी सलमान ने जब पुलिस को फोन कर वारदात की जानकारी देने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे कथित तौर पर गोली मार दी। अधिकारी के अनुसार, शान और सलमान को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। सलमान अब भी कोमा में है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को पता चला कि आसिफ फरीदाबाद में छिपा हुआ है और बाद में उसे प्रह्लादपुर-सूरजकुंड सीमा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

### सड़क हादसों में पीड़ितों की मदद के लिए प्रेरित करना गुड सेमेरिटन योजना का उद्देश्य

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा गुड सेमेरिटन योजना के तहत ऐसे व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। जिन्होंने किसी घातक सड़क दुर्घटना के पीड़ित की जान बचाने के लिए तुरंत सहायता प्रदान की हो। इस योजना के तहत, पीड़ित को गोल्डन ऑवर के भीतर अस्पताल या ट्रॉमा केयर सेंटर पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों की मदद करने के लिए प्रेरित करना है। इसके तहत, यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना की सूचना पुलिस को देता है या पीड़ित को अस्पताल पहुंचाता है, तो पुलिस या अस्पताल उस व्यक्ति से कोई अन्य गैर जरूरी जानकारी नहीं मांगेगी और उसे तुरंत जाने की अनुमति दी जाएगी।

## पीएम मोदी की रैली के लिए हिसार गए भाजपा कार्यकर्ता



बहादुरगढ़। अंबेडकर को नमन कर हिसार रवाना होते दिनेश कौशिक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

■ बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिसार में आयोजित संकल्प की उड़ान समारोह के लिए बहादुरगढ़ से भाजपा कार्यकर्ता दिनेश कौशिक के सेक्टर-2 स्थित कार्यालय से रवाना हुए। भाजपा नेता दिनेशकौशिक ने इससे पहले बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उनके अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नायब सैनी की कार्यशैली से आमजन का भाजपा सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, सुदेश, महाबीर दलाल, संजय सैनी, पंकज गर्ग, पार्षद अशोक शर्मा, कर्मबीर शर्मा, ऋषि भारद्वाज, भीम सिंह प्रणामी, राम अहलावत, शेखर कौशिक, जिला पार्षद अमित कसार, विनोद जून, दुष्यंत काजला व अमित जून आदि मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया

# इतनी कृपा बाबा बनाए रखना, मरते दम तक सेवा में लगाए रखना..

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

■ बाबा कांशीगिरी महाराज के प्राकाट्य दिवस के उपलक्ष्य में भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित

बाबा कांशीगिरी महाराज के प्राकाट्य दिवस के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संतोष हंस, कोमल,पूनम चुघ, राधा गंभीरिया, पूनम छाबड़ा, कमल लता शर्मा, हर्ष चावला, संगीता वर्मा, नारायणी सरदाना, यशिका रंजन, नीलम गाबा, शशी खत्री,भावना काठपालिया, सृष्टि रंजन, आशा नागपाल, इंदू शर्मा, किरण अरोड़ा, उषा काठपालिया आदि श्रद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया। इंदू भूगड़ा ने इतनी कृपा बाबा बनाए रखना, मरते दम तक सेवा में लगाएं रखना..हाथ जोड़ कर करू प्रार्थना मुझ को भूल ना जाना, तेरे दर लगा रहे बस मेरा आना जाना.., योगेश रंजन ने मेरे डंडे वाले दी सारी दुनिया हुई दीवानी...बाबा कांशी गिरी जी दा द्वार बड़ी किस्मत से हम को मिला है..,राजेंद्र वधवा ने बाबा तेरी शान है न्यारी हम सब मिल जाए बल्हारी..दिनेश दुजाना ने मुझे जो भी कुछ मिला तुमने ही सब दिया है हो सांवरे दाता मेरे तेरा शुक्रिया है.. आदि भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। हरिद्वार धाम के अध्यक्ष नरेंद्र मदान ने बताया कि विभाजन से पूर्व 13 अप्रैल वैसाखी के दिन हरिद्वार में हर की पौड़ी गंगा के तट पर अपने प्रिय शिष्य कंचन गिरी एवं कोटअदद्दू सभा के चार सदस्यों को पावन डंडा सौंपा था। इस दौरान वेद बहल पाशु, पदम् खट्टर, किशन चंद बत्रा, वीके शर्मा, डॉक्टर शंकर ग्रोवर, गौतम आर्य, रमेश लखेरा, भारत भूषण अग्निहोत्री, राजकुमार चुघ, देवराज भूगड़ा, नरेंद्र पाहवा, आंचल सेठी, प्रिंस सेठी, सुभाष वर्मा, मुकेश सोनी, प्रदीप काठपालिया, सुंदर वर्मा, आशीष चावला, दीपांशु छाबड़ा, अनिल छाबड़ा, सतीश वर्मा, आदर्श वर्मा, मनीष मेहता, राघव हंस सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

## मोबाइल शॉप में चोरी के आरोपी काबू, दोनों को जेल भेजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी**

गत 12 अप्रैल को गांधी चौक पर मोबाइल की दुकान से फोन चोरी करने के मामले में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस शिकायत में गांधी नगर निवासी जितेंद्र ने बताया था कि उसने गांधी चौक पर मोबाइल सेल एंड रिपेयर की दुकान की हुई है। 10 अप्रैल को उसकी दुकान पर एक युवक मोबाइल फोन ठीक कराने के लिए आया था। फोन की टच स्क्रीन डालने के बाद उसने 6 हजार रुपये नकद दिए थे, जबकि 200 रुपये फोन-पे से ट्रांसफर किए थे। 12 अप्रैल को वह युवक दोबारा फोन ठीक कराने के लिए अपने दोस्त के साथ दुकान पर आया था। शाम के समय उसने अपना सीसीटीवी कैमरा चेक किया, तो दोनों युवक काउंटर से डिब्बे में बंद मोबाइल फोन चोरी करते हुए नजर आए। उसने अपने स्तर पर पता लगाया तो वह चिराहड़ा निवासी परमवीर व सिद्धार्थ थे। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज किया था।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

## जिलेभर में संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती पर हुए कार्यक्रम

# बाबा साहेब की जयंती पर शहर में निकाली शोभायात्रा, केक काटकर मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। शहर में शोभा यात्रा निकाली गई और अंबेडकर चौक पर बाबा की प्रतिमा पर माल्यापण करते हुए केक भी काटा। शोभा यात्रा का शहर भर में जोरदार स्वागत हुआ। लोगों ने पुष्प वर्षा की और रंग गुलाल उड़ाया। वहीं शहर में पैदल यात्रा भी निकाली गई। जिसमें पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक गीता भुक्कल भी शामिल हुई और युवाओं को बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।





झज्जर। बाबा साहेब की जयंती पर निकाली गई पैदल यात्रा में भाग लेते हुए विधायक गीता भुक्कल व शहर के अंबेडकर चौक पर केक काटकर खुशी मनाते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में मौजूद समिति सदस्य एवं ग्रामीण।

## संविधान निर्माता डॉक्टर बीआर अंबेडकर को किया याद

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर में गुरु कबीरदास सेवा समिति द्वारा भारत के संविधान निर्माता, समाज सुधारक एवं भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई। समिति प्रधान कर्मबीर, कोषाध्यक्ष दीपक, उपप्रधान ओमवीर तथा समिति सदस्य प्राध्यापक अशोक कुमार ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों ने उनके विचारों एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों के माध्यम से डॉक्टर अंबेडकर के जीवन, शिक्षा और समाज सुधार में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राजरूप, रामकंवार, चांद सिंह, भूपेन्द्र सिंह, सतीश, निशिता, चेतन, केशव, अंजली, कार्तिक, तन्वी, दीपेन, भावेश, नैना सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



## समतामूलक समाज के पक्षधर थे अंबेडकर

**बहादुरगढ़।** भारतीय किसान संघ के कार्यालय पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रदेशाध्यक्ष सतीश छिकारा का 60वां जन्मदिन भी मनाया गया। सतीश छिकारा व किसानों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। छिकारा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत और समतामूलक समाज के निर्माता थे। उन्होंने आजादी की लड़ाई में भी अहम भूमिका निभाई थी।

## इनेलो ने मनाई अंबेडकर जयंती



**बहादुरगढ़।** इनेलो कार्यालय में सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहेब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित और माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पूर्व पार्षद शशि के वार्ड नंबर 31 स्थित कार्यालय और वार्ड नंबर 15 में बाग वाला मोहल्ला स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर प्रांगण में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। शीला राठी ने उम्मीद जताई कि स्व. नफे सिंह राठी के गुनाहगारों को शीघ्र सजा मिलेगी और हमें न्याय मिलेगा। इस मौके पर रामनिवास सैनी, ईश्वर छिल्लर, प्रदीप तंवर, मास्टर सुखबीर सरोहा, एडवोकेट विपिन प्रधान, सूरजमल दलाल, अमित बहराना आदि ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## सांखोल में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती आदर व सम्मान के साथ मनाई गई। इस उपलक्ष्य में गांव के रविदास भवन में कार्यक्रम हुआ। एक तरफ जहां रक्तदान शिविर लगा तो दूसरी तरफ भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। किताबों का भी मुफ्त वितरण हुआ। रेड क्रास सोसायटी की टीम ने शिविर में सेवाएं दी। शिविर का उद्घाटन ट्रैफिक एसीपी दिनेश कुमार ने किया। उशिविर में 30 लोगों ने रक्तदान किया। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की वाईआरसी काउंसलर सुनीता रानी व वॉलिंटियर्स अस्तुति, तनु व साक्षी ने भी मदद की। कार्यक्रम में बिल्लू एंड पार्टी ने रागनियों की प्रस्तुति दी। जनता जनार्दन लाइब्रेरी के संयोजक सतबीर दहिया ने करीब 200 किताबें मुफ्त बांटी। जयपाल सांगवान, राजकुमार अरोड़ा, अजय ग्रेवाल, लखमीचंद डेरोलिया, सचिन जून, अमित कसारिया, सतीश छिकारा, नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि रमेश राठी, निरंकारी सत्संग भवन सांखोल की टीम व अन्य मौजूद रहे।

## जयंती पर मांडोठी में मनाया विश्व ज्ञान दिवस



**बहादुरगढ़।** मांडोठी स्थित माता सावित्रीबाई फुले पुस्तकालय में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव धूमधाम से विश्व ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। मास्टर जगतार संभरवाल, मास्टर नरेंद्र कटारिया, दीपक मेहरा और एडवोकेट मंगल सिंह लोहमोड़ ने बाबा साहब के जीवन दर्शन और उनके आदर्शों के विषय में विस्तार से बताया। सरपंच पुत्र निलेश दलाल ने संस्था के कार्यों को सराहा। मंच संचालन युवा कवि अरविंद गौतम बेंदी ने किया। इस अवसर पर नवीन सहरावत, रवि कुमार, कपिल सहरावत, लोकेश, मोहित सिंगल, मनीषा सिंगल व नरेंद्र सहरावत आदि मौजूद रहे।



## डॉ. पंकज जैन ने दी अंबेडकर को श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने जयंती पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को नमन किया। उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बाबा साहेब ने समाज के दलित, गरीब, पिछड़े, असहाय, किसानों और मजदूरों के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। उनके सपनों को साकार करने के लिए हम सभी को संकल्प लेना चाहिए। बीजेपी सरकार उनके दूरदर्शिता भरे समान समाज के सपने को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है।



## विधायक पुत्र ने अंबेडकर को किया नमन

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून के पुत्र सचिन जून ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सभा की ओर से लाइनपार स्थित डॉ अंबेडकर भवन में आयोजित जयंती समारोह में शिरकत की। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए सचिन राजेश जून ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में सदा ही समाज के वंचित शोषित वर्ग के अधिकारों की वकालत की। हमें बाबा साहेब के बराबरी और न्यायपूर्ण समाज की रचना के सपने को पूरा करने का प्रण लेना चाहिए। उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए बाबा साहेब को नमन किया।

## मंडल भाजपा ने किया अंबेडकर को नमन



**बहादुरगढ़।** भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने पूरी टीम के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। सोमवार को बादली रोड पर भाजपा सुशासन विभाग के जिलाध्यक्ष रामकंवार सैनी के कार्यालय पर कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर पार्षद अश्विनी शर्मा, आशु सैनी, राजकुमार खुराना, धर्मेंद्र सैनी, संदीप सैनी, दीपक सैनी, प्रमिला जून, इंदु बागड़ी, सविता पवार, सूरज जाटव, विजय आशीवाल, संजीत राठी, राकेश कुमार व पंकज खट्टर आदि मौजूद रहे।

## संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा : जीतपाल



**झज्जर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झज्जर एट गुढ़ा में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती के उपलक्ष्य में आईटीआई गुढ़ा और महिला आईटीआई द्वारा संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारियों तथा स्टॉफ सदस्यों द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। प्राचार्य जीतपाल ने संविधान निर्माता बाबासाहेब के जीवन और संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। युवा पीढ़ी को देश को सच्चे नागरिक के रूप में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन तथा उनके संवैधानिक मूल्यों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया।

## सांखोल में फाउंडेशन ने किया कार्यक्रम

**बहादुरगढ़।** सोमवार को डॉ अंबेडकर फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदीप तंवर, रण सिंह तंवर, ओमप्रकाश तंवर, एडवोकेट कृष्ण तंवर, मास्टर सुखबीर सरोहा, शमशेर नरवाल, राजेंद्र सिंह सभरवाल, नरेश तंवर, राकेश तंवर, रमेश तंवर, देवेंद्र तंवर, जितेंद्र राठी, प्रदीप राठी, बोली राठी, धर्मपाल राठी, पार्षद रजनीश मोनू, देवी बराही, विकासदीप व आकाशदीप तंवर आदि उपस्थित रहे।



## पूर्व विधायक के कार्यालय में मनाई अंबेडकर जयंती

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने सोमवार को अपने कार्यालय पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बाबा साहेब को नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान की रचना करते हुए देश को दिशा दी। सही मायने में बाबा साहेब युग दृष्टा थे। रामकुमार जून, प्रदीप जून, दयाचंद रंगा, सुरेंद्र जून, सुमित छिकारा, राजू गाबा, विपिन कुमार, देवेंद्र दहिया, संजय पहलवान, अमन जाखोदा, बलजीत लोहचब, सतबीर, बिजेंद्र व जगदीश ने नमन किया।



हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005



## पुष्पार्पित कर दी डॉक्टर अंबेडकर को श्रद्धांजलि

**झज्जर।** संविधान निर्माता की जयंती पर इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा डॉक्टर बीआर अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी, वहीं लड्डू भी बांटे। इस मौके पर कार्यालय सचिव पवन धनखड़, राजेश ग्वालिसन, एडवोकेट राजल, धर्मवीर दरोगा, हरमेश सैनी, आत्म प्रकाश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## भाविप ने मनाई अंबेडकर जयंती

**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद की बहादुरगढ़ शाखा ने राणा प्रताप स्कूल में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। मूलचंद जोशी, सतीश शर्मा, रमेश गुप्ता, आनंद पंवार, हरीश बजाज, एमएस भाटी और सुनीता पंवार ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि हम सभी बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलकर ही राष्ट्र निर्माण में अपनी भगीदारी दे सकते हैं।

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**जयंती** नेहरू युवा केंद्र व अन्य ने मनाई अंबेडकर जयंती

# सेमिनार में दी संविधान के महत्व की जानकारी

सोनू बाल्याण, आशीष छिल्लर और कुलदीप रंगा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मौजूद युवाओं को संविधान के महत्व की जानकारी देते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया संस्था द्वारा अंबेडकर जयंती पर संविधान के महत्व पर सेमिनार का आयोजन किया गया। शहर के एक निजी कोचिंग सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में सेंटर के निदेशक सोनू बाल्याण, आशीष छिल्लर और कुलदीप रंगा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह दिन सिर्फ एक स्मरण का दिन नहीं, बल्कि उनके विचारों को अपनाने और समाज में बदलाव लाने का संकल्प लेने का दिन है। हमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तरह अपने व्यक्तिगत विकास के साथ समाज के वंचित वर्ग के विकास के लिए भी आगे आना चाहिए। नेहरू युवा केंद्र से जिला युवा अधिकारी ब्रिजेश कौशिक ने बाबा साहेब के योगदान को याद किया।

## चेयरपर्सन ने किया अंबेडकर को याद




**बहादुरगढ़।** नप चेयरपर्सन सरोज राठी ने सोमवार को विभिन्न जगहों पर आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी ने भी बाबा साहेब को नमन करते हुए देश की स्वतंत्रता और संविधान निर्माण में उनके योगदान को सराहा।